# आपणो अग्रणी राजस्थान

# संकल्प पत्र

## 2023



**जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार**

संकल्प पत्र
डाउनलोड करने हेतु

QR कोड को स्कैन करें

# भारतीय जनता पार्टी
## राजस्थान

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| प्रदेश अध्यक्ष का संदेश | 04 |
| संकल्प पत्र समिति संयोजक का संदेश | 05 |
| भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियां | 07-08 |
| मुख्य बिंदु | 09-15 |
| खुशहाल किसान | 17-24 |
| सुरक्षित समाज, सशक्त महिला | 25-30 |
| उत्कृष्ट शिक्षा, समर्थ युवा | 31-36 |
| आरोग्य प्रदेश | 37-40 |
| कुशल प्रशासन, मजबूत कानून व्यवस्था | 41-46 |
| गौरवशाली विरासत, अद्वितीय पर्यटन | 47-54 |
| सबका विकास, सबका कल्याण | 55-62 |
| प्रबल अर्थव्यवस्था एवं उद्योग | 63-68 |
| सुदृढ़ आधारभूत संरचना | 69-75 |



# प्रदेश अध्यक्ष का संदेश

मेरे प्यारे भाइयो एवं बहनो,

मैं 'आपणो अग्रणी-राजस्थान संकल्प पत्र 2023' सभी के सामने प्रस्तुत कर रहा हूं। यह संकल्प पत्र राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने, गौरवशाली विरासत के संरक्षण करने एवं नागरिकों की समृद्धि के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पिछले पांच वर्षों में प्रदेश पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बहुत पीछे हो गया है। प्रदेश का प्रत्येक वर्ग वर्तमान सरकार से परेशान है, जहां एक ओर किसानों की जमीनें नीलाम की जा रही है, वहीं दूसरी ओर पिछड़े वर्ग, दलित एवं जनजाति समुदाय पर अत्याचार और महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी वारदातें बढ़ रही हैं। वर्तमान सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति एवं संवेदनहीनता के कारण, आज प्रदेश के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है।

यह संकल्प पत्र गरीब कल्याण एवं सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसमें हर व्यक्ति की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप तैयार किया गया है। हम राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित हैं, जहां हर नागरिक को सुगम जीवन मिलेगा और हर क्षेत्र का विकास होगा। हमें भरोसा है कि हमारे प्रदेश के नवनिर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए आपका सहयोग-समर्थन, हमें अवश्य मिलेगा।

**चंद्र प्रकाश जोशी**
**प्रदेश अध्यक्ष**
**भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान**



# संकल्प पत्र समिति संयोजक का संदेश

सम्मानित प्रदेशवासियो,

राम राम सा,

प्रदेश संकल्प पत्र समिति के संयोजक के रूप में संकल्प पत्र प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार गर्व एवं हर्ष की अनुभूति हो रही है। हमने 'आपणो राजस्थान-सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान के माध्यम से प्रत्येक गांव, कस्बे, तहसील एवं जिले तक जाकर जन-आकांक्षाओं को एकत्रित किया है। साथ ही, हमने प्रदेश के सभी प्रमुख बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को इस संकल्प पत्र में सम्मिलित किया है। हम राजस्थान को एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित हैं और यह संकल्प पत्र उसी का रोडमैप है।

वर्तमान सरकार जंगलराज, कुशासन, कमजोर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का प्रतीक बन गई है। इस सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के साथ विश्वासघात किया है। 2018 में कांग्रेस द्वारा किए गए 75% वादे सरकार द्वारा पूरे नहीं किए गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के लिए यह संकल्प-पत्र मात्र वादे या घोषणाएं नहीं अपितु पवित्र साध्य है, जिसे संकल्प से सिद्धि तक पहुंचाना हमारा परम ध्येय है। आदरणीय मोदी जी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हमारे कार्य करने की प्रेरणा है। सुशासन से प्रदेश में खुशहाली लाने हेतु प्रदेश के आगामी पांच वर्षों का रोडमैप 'आपणो अग्रणी-राजस्थान संकल्प पत्र 2023', आपके समक्ष प्रस्तुत करते हैं।

**"अब तो हो चुका आह्वान**
**बनेगा विकसित राजस्थान"**


**अर्जुन राम मेघवाल**

**संयोजक, प्रदेश संकल्प पत्र समिति**
**भारतीय जनता पार्टी**

# राजस्थान संकल्प पत्र समिति सदस्य

## संयोजक

श्री अर्जुन राम मेघवाल

## सह-संयोजक

श्री घनश्याम तिवाड़ी | डॉ. किरोड़ीलाल मीणा

डॉ. अलका सिंह गुर्जर | राव राजेंद्र सिंह | श्री सुभाष मेहरिया

श्री प्रभुलाल सैनी | श्रीमती राखी राठौड़

## सदस्य

श्री सुशील कटारा
श्री हिमांशु शर्मा
श्री अशोक रामदास अग्रवाल
श्री रतनलाल गाडरी
श्री रामगोपाल सुथार
श्री प्रभु धोबी (बाडोलिया)
श्री मोहन नाई (मोरवाल)
श्री जसवंत विश्नोई

श्री खेमराज देसाई
श्री अशोक वर्मा
श्री सी.एम. मीणा
श्रीमती ममता शर्मा
श्री प्रकाश माली
श्री श्याम सिंह चौहान
डॉ. मनन चतुर्वेदी
सरदार जसबीर सिंह
डॉ. एस. एस. अग्रवाल

# भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

2003 से 2008 के कार्यकाल में सुशासन के पहलुओं को ध्यान में रखकर ऐतिहासिक कदम उठाए गए। पंचायत राज संस्थाओं व स्थानीय निकायों के पदों पर महिलाओं को 50% आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला लिया। किसान कल्याण की दिशा में नई कृषि कनेक्शन नीति लागू की गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री सड़क योजना के माध्यम से 10 हजार से अधिक गांवों को 40 हजार किमी सड़कों को जोड़कर स्थानीय विकास को बढ़ावा दिया। शिक्षा के क्षेत्र में जहां प्राथमिक शिक्षा को निशुल्क व अनिवार्य करने का पुनीत कार्य किया वहीं रोजगार के क्षेत्र में 10 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में नियुक्तियां उपलब्ध करवाई गई।

2013 से 2018 के कार्यकाल में, भाजपा सरकार ने सुराज संकल्पों को सिद्धि में परिणीत करने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य योजनाएं संचालित की। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ग्रामीण गौरव पथ योजना से लेकर जल संकट के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, चिकित्सा सुविधाओं के लिए भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना, संभाग स्तर के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, लंबित न्यायिक प्रकरणों के निष्पादन हेतु न्याय आपके द्वार कार्यक्रम, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु राजश्री योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता जैसी ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गई।

साथ ही अंबेडकर पीठ की स्थापना, वन भूमि पर जनजातीय समुदाय को पट्टे प्रदान करना, जनजाति के लोगों के खिलाफ न्यायालय में 2 वर्ष से लम्बित और 2 वर्ष से कम सजा के प्रावधान वाले मुकदमों का वापस लेना, जनजाति क्षेत्रों में एसटी के लिए 45% के विशेष आरक्षण इत्यादि कल्याणकारी कदम उठाए गए। अनुप्रति योजना, पालनहार योजना, विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना, पशुपालन कल्याण बोर्ड, मिड-डे-मील योजना, पन्नाधाय, भामाशाह योजना, हाड़ी रानी बटालियन, नारी निकेतन की स्थापना, एससी और एसटी छात्रों के लिए नवीन छात्रावास जैसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक समतामूलक समाज निर्माण को गति दी गई।

## 2014 से केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

**4.4 करोड़** नागरिकों को **पीएम गरीब कल्याण अन्न** से मुफ्त अनाज प्रदान

**19 लाख** नागरिकों को **प्रधानमंत्री आवास योजना** के अंतर्गत मिले पक्के घर

**1.1 करोड़** नागरिकों को **आयुष्मान भारत योजना** के अंतर्गत मिला मुफ्त उपचार

**70 लाख किसानों** को **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि** से मिले वार्षिक ₹6,000

**69.2 लाख मुफ्त एलपीजी सिलेंडर** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिले

**81 लाख** ग्रामीण घरों में **स्वच्छ भारत अभियान** के अंतर्गत शौचालय का निर्माण

**1.2 लाख** लोगों को **प्रधानमंत्री स्वनिधि** से **₹184 करोड़** का ऋण मिला

**₹86,178 करोड़** का ऋण पिछले 5 सालों में **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना** के अंतर्गत मिला

**19.6 लाख** महिलाओं को **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत ₹5,000 मिला

**65 लाख किसानों** को किसान क्रेडिट कार्ड मिले

**23 नए मेडिकल कॉलेज** की सौगात दी गई है

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण के कारण राजस्थान में विकास की गति मंद हुई थी। एक विकसित राजस्थान की निर्माण की संकल्पना को साकार में बदलने के लिए इस संकल्प पत्र के माध्यम से हम सभी प्रदेशवासियों को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार राजस्थान में विकास की गति को चार गुणा बढ़ाकर सुशासन के मार्ग को सुदृढ़ करेगी।

# आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र 2023- मुख्य बिंदु

## खुशहाल किसान

- हम **पीएम किसान सम्मान निधि** के अंतर्गत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर **₹12,000 प्रतिवर्ष** करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन** योजना के अंतर्गत सभी **लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों** के बच्चों को **मुफ्त शिक्षा** प्रदान करेंगे।
- हम **₹20,000 करोड़** के साथ एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में **छंटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चेम्बर्स, गोदाम, प्रोसेसिंग सेंटर** आदि का निर्माण करेंगे।
- हम गेहूं की फसल को **न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)** के ऊपर बोनस प्रदान करके **₹2,700 प्रति क्विंटल** पर खरीदने की व्यवस्था करेंगे।
- हम **एमएसपी** पर **ज्वार एवं बाजरा** की खरीद की व्यवस्था करेंगे एवं **श्री अन्न प्रमोशन एजेंसी** की स्थापना करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी)** को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे।
- हम बाड़मेर, जालौर और जोधपुर **अनार बेल्ट में नए प्रोसेसिंग क्लस्टर्स** स्थापित करेंगे।
- हम **₹100 करोड़** के निवेश के साथ **ऊंट संरक्षण और विकास मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत राज्य पशु ऊंट के पालन और संरक्षण के लिए किसानों को सहायता प्रदान करेंगे।

# सुरक्षित समाज सशक्त महिला

- हम **लाडो प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत सभी गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर सेविंग बांड प्रदान करके **कक्षा 6 में ₹6,000, कक्षा 9 में ₹8,000, कक्षा 10 में ₹10,000, कक्षा 11 में ₹12,000, कक्षा 12 में ₹14,000, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पहले एवं अंतिम वर्ष में ₹50,000, 21 वर्ष की उम्र में ₹1 लाख** की मुश्त राशि प्रदान करेंगे।
- हम प्रदेश की **सभी गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक** मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत कक्षा 12वीं पास करने वाली **मेधावी छात्राओं को स्कूटी** प्रदान करेंगे।
- हम **लखपति दीदी योजना** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी वार्षिक आय कम से कम **₹1 लाख** हो, यह सुनिश्चित करेंगे।
- हम राजस्थान सशस्त्र बल (आरएसी) के अंतर्गत 3 **महिला पुलिस बटालियन**- पदमिनी, काली बाई एवं अमृता देवी शुरु करेंगे।
- हम सभी गरीब परिवारों की महिलाओं को **₹450 में एलपीजी सिलेंडर** प्रदान करेंगे।
- हम **पीएम मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत वित्तीय सहायता को **₹5,000 से बढ़ाकर ₹8,000** करेंगे एवं इसका 100% कवरेज सुनिश्चित करेंगे।

# उत्कृष्ट शिक्षा, समर्थ युवा

- हम प्रदेश के प्रत्येक संभाग में आई.आई.टी की तर्ज पर **राजस्थान**

**इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी** स्थापित करेंगे।

- हम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से **स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफॉर्म** खरीदने के लिए **₹1,200** की वार्षिक सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **राजस्थान खेल आधुनिकीकरण मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत **सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों** समेत पूरे प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं नवीनीकरण करेंगे।
- हम अगले पांच वर्षों में प्रदेश के युवाओं को **2.5 लाख सरकारी नौकरियां** प्रदान करेंगे।

## आरोग्य प्रदेश

- हम **₹40,000 करोड़** के निवेश के साथ **भामाशाह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार एवं नवीनीकरण करेंगे।
- हम **350 नए जन औषधि केंद्र** स्थापित करेंगे, ताकि नागरिकों को कम कीमत में जरूरी दवाइयां मिल सकें।
- हम प्रदेश के **प्रत्येक संभाग** में एम्स की तर्ज पर **राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस** स्थापित करेंगे।
- साथ ही, हम **वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण** करेंगे।
- हम **15,000 डॉक्टर एवं 20,000 पैरा-मेडिकल स्टाफ** की नई नियुक्तियां करेंगे।
- हम **एमबीबीएस एवं अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों** में **6,000 नई सीटें** को जोड़ेंगे।

## कुशल प्रशासन, मजबूत कानून व्यवस्था

- हम **पेपर लीक मामलों** की त्वरित जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए **स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम** का गठन करेंगे।
- हम **फर्टिलाइजर, मिड-डे मील, खनन, पीएम आवास, जल जीवन** आदि **घोटालों** की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम स्थापित करेंगे एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम **श्वेत पत्र** लाकर पिछली सरकार के राज में हुए **सभी भ्रष्टाचार के मामलों** जैसे सरकारी विभागों में छुपाई गई करोड़ों की संपत्ति एवं सोना, बिजली विभाग घोटाला, पुलिस भ्रष्टाचार, इत्यादि **का खुलासा करेंगे** एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम कांग्रेस सरकार के राज में नीलाम हुई **किसानों की जमीनों** का **उचित मुआवजा** देने के लिए **मुआवजा नीति** लाएंगे।
- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आगे **किसानों की जमीन** नीलाम ना हो एवं इसके लिए एक नोटिफिकेशन लाएंगे।
- हम भारत विरोधी ताकतों के स्लीपर सेल की जांच करने और उन पर अंकुश लगाने हेतु **विशेष पुलिस सेल** स्थापित करेंगे एवं गैंगवार को रोकने के लिए एक **विशेष एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स** की स्थापना करेंगे।
- हम **पारदर्शी स्थानांतरण नीति** लागू करके और यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण में कोई भी **भेदभाव** नहीं हो।

# गौरवशाली विरासत, अद्वितीय पर्यटन

- हम **₹800 करोड़** के निवेश के साथ **शेखावाटी, ढूंढाड़, ब्रज, हाड़ौती, मेवाड़, मारवाड़, अजमेर एवं बीकानेर** सांस्कृतिक क्षेत्रों में **क्षेत्रीय विरासत** केंद्र स्थापित करेंगे जो उन क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजन, वेशभूषा एवं लोक कला पर शोध एवं संरक्षण करेगी।
- हम प्रदेश में भव्य **ज्योतिबा फुले संग्रहालय** का निर्माण करेंगे।
- **हम बसवा (दौसा) एवं मांडलगढ़ में महाराणा सांगा जी** के भव्य **स्मारकों** का निर्माण करेंगे।
- हम **गवरी देवी कला केंद्र** की स्थापना करेंगे, जिसके द्वारा राजस्थान के लोक गायकों एवं संगीतकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
- हम **खेजड़ली जोधपुर** में **अमृता देवी बिश्नोई इंडिजेनस प्लांट म्यूजियम** बनाएंगे जो बिश्नोई समुदाय के द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को समर्पित होगा।
- हम जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रतीक **मानगढ़ धाम** को भव्य ट्राइबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करेंगे।
- हम **₹2,000 करोड़** के निवेश के साथ **पर्यटन कौशल कोष** बनाकर प्रदेश के **5 लाख युवाओं** को प्रशिक्षित कर रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम **फेस्टिवल सर्किट** विकसित करके प्रमुख राजस्थानी उत्सवों का भव्य आयोजन करेंगे।
- हम **हेली टूरिज्म** को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के **सभी सीमावर्ती जिलों** में हेलीपैड विकसित करेंगे।

# सबका विकास, सबका कल्याण

- हम राजस्थान में अगले 5 वर्षों के लिए **प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना** के क्रियान्वयन को जारी रखेंगे, जिसके अंतर्गत **सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन** प्रदान करेंगे।
- हम प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ **मुख्यमंत्री आवास योजना** शुरू करके, यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा।
- हम **सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, कोटा डोरिया, जोधपुरी बंधेज** आदि जैसे हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने और मार्केट लिन्केज प्रदान करने के लिए प्रत्येक वर्ष देश के सभी प्रमुख शहरों में **हथकरघा एवं हस्तशिल्प मेलों** का आयोजन करेंगे।
- हम वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की पेंशन को बढ़ाकर **₹1,500 प्रतिमाह** करेंगे।

# प्रबल अर्थव्यवस्था एवं उद्योग

- हम अगले 5 वर्षों में राजस्थान को **350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी** बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम **राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स** की स्थापना करके राजस्थान की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेंगे।
- हम राजस्थान में पर्यटन, कृषि, सॉफ्टवेयर एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए वार्षिक **राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट** आयोजित करेंगे।
- हम प्रदेश की **प्रति व्यक्ति आय दोगुना** करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम **50 लाख** से अधिक युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **अटल प्रगति पथ, बठिंडा-अजमेर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे** और **वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर** के पास **इंडस्ट्रियल**

**कॉरिडोर** की स्थापना करेंगे।

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **एक जिला-एक उत्पाद योजना** के अंतर्गत जिलों को चयनित उत्पादों के **उत्पादन एवं निर्यात हब** के रूप में विकसित करेंगे।
- हम **₹500 करोड़** के निवेश के साथ एमएसएमई को **₹10 लाख** तक का ऋण न्यूनतम दर पर प्रदान करेंगे।

## सुदृढ़ आधारभूत संरचना

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर** को स्मार्ट सिटी बनाएंगे।
- हम **कांग्रेस सरकार** के कार्यकाल में होने वाली **बिजली चोरी एवं बिजली कटौती** को समाप्त कर घरेलू क्षेत्रों में **24x7 बिजली** सुनिश्चित करेंगे।
- हम राजस्थान को भारत की **एक्सप्रेसवे राजधानी** बनाने के लक्ष्य से एक **टास्क फोर्स** बनाएंगे जो 6 महीने के अंदर नए **एक्सप्रेसवे के मार्गों** की पहचान कर निर्माण की योजना तैयार करेगी।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **28 रेलवे परियोजनाओं** को समय से पूरा करेंगे।
- हम **जयपुर मेट्रो** के नेटवर्क का विस्तार करेंगे एवं प्रमुख शहरों में **मेट्रो लाइनों** के विकास के लिए एक **मास्टर प्लान** तैयार करेंगे।
- हम 2025 तक **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत सभी घरों में पानी उपलब्ध कराएंगे



# भारतीय जनता पार्टी
# राजस्थान





# खुशहाल किसान



# किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता

## हम राजस्थान के किसानों को आत्मनिर्भर बनाएंगे एवं उनके कल्याण को प्राथमिकता देंगे

- पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत ₹12,000 प्रतिवर्ष देंगे
- सभी इच्छुक किसानों को ₹3,000 प्रतिमाह की पेंशन पीएम किसान मानधन योजना के अंतर्गत देंगे
- ₹20,000 करोड़ के साथ एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करेंगे
- पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल के नुकसान का आकलन एवं राहत राशि का वितरण समय पर प्रदान करेंगे
- सभी लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों एवं खेतिहर श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे

# एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उत्पादकता

- हम कृषि क्षेत्र में स्टार्ट-अप उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए **₹500 करोड़ के निवेश के साथ राजस्थान एग्रीकल्चर एक्सेलरेटर मिशन** शुरू करेंगे।
- हम **हेल्पलाइन नंबर** के साथ **फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स** का गठन करके फर्टिलाइजर की जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम आवश्यकतानुसार किसानों को सस्ते दरों पर **फर्टिलाइजर** उपलब्ध कराएंगे।
- हम किसानों को **0% ब्याज** दर पर अगले पांच वर्षों में **₹1 लाख करोड़ का ऋण** प्रदान करेंगे।
- हम कृषि के लिए **प्रतिदिन 8 घंटे** की निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
- हम **बीज, फर्टिलाइज़र, मशीनरी, आदि को सस्ते दाम** में उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में **पीएम किसान समृद्धि केंद्र** स्थापित करेंगे।
- हम **5,000 नए कस्टम हायरिंग केंद्र** स्थापित करके **सस्ते दाम में कृषि उपकरण** उपलब्ध कराना जारी रखेंगे।
- हम **₹150 करोड़ के टिड्डी नियंत्रण फंड** की स्थापना करके **किसानों को कीटनाशक सब्सिडी** और **नयी तकनीक एवं मशीनें** प्रदान करेंगे।
- हम **700 नए फसल-विशिष्ट एफपीओ** स्थापित करके, प्रत्येक एफपीओ को ₹18 लाख तक की वित्तीय सहायता एवं ₹5 करोड़ तक की क्रेडिट गारंटी सुविधा प्रदान करेंगे।

# सिंचाई व्यवस्था

- हम **सभी सिंचाई परियोजनाओं** को तेजी से पूरा करने के लिए **मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स** का गठन करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी)** को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे।
- हम कांग्रेस सरकार द्वारा बंद किए गए **जल स्वावलंबन अभियान** को फिर से शुरू करके, इसके अंतर्गत **20,000 गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग** स्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- हम **पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत प्रदेश में सभी मौजूदा ट्यूबवेलों का **100% सौर ऊर्जा** द्वारा संचालन सुनिश्चित करेंगे।

- हम **डार्क जोन** क्षेत्र में कृषि सिंचाई हेतु **पूर्व में संचालित कुओं को पुनर्जीवित** करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन करेंगे।

# जैविक खेती

- हम प्रत्येक जिले में **एक 100% जैविक प्राकृतिक कृषि ब्लॉक** की स्थापना करेंगे।
- हम गौ संवर्धन योजना शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत किसानों से **गौ मूत्र एवं गोबर खरीदने की व्यवस्था करेंगे**।
- हम प्रत्येक **ग्राम पंचायत में वर्मीकम्पोस्ट इकाई** स्थापित करेंगे, जो उनके लिए राजस्व का स्रोत होगा।

# लाभप्रद फसल

## गेहूं

- हम गेहूं की फसल को **न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)** के ऊपर बोनस प्रदान करके **₹2,700 प्रति क्विंटल** पर खरीदने की व्यवस्था करेंगे।
- हम सभी प्रमुख गेहूं उत्पादन **जिलों** में उचित संख्या में **गोदाम** स्थापित करेंगे।

## श्री अन्न

- हम प्रदेश में **एमएसपी पर ज्वार एवं बाजरा की खरीद शुरू करेंगे**।
- हम प्रदेश में **श्री अन्न प्रमोशन एजेंसी** की स्थापना करेंगे, और श्री अन्न के उत्पादन एवं प्रचार को बढ़ावा देंगे।
- हम नए **बाजरा-विशिष्ट एफपीओ** की स्थापना करेंगे एवं एफपीओ को **प्रोसेसिंग क्लस्टर** स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## दाल

- हम प्रदेश में **चना, मूंग और उड़द जैसी दालों** को एमएसपी पर खरीदने के लक्ष्य को दोगुना करेंगे।
- हम **नए दाल प्रोसेसिंग क्लस्टर्स स्थापित करेंगे**, जिसमें किसानों को डी-हस्किंग एंव वैल्यू चैन का निर्माण करने में मदद मिलेगी।

## तिलहन

- हम **एमएसपी** पर **सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन** की खरीद की व्यवस्था करेंगे।
- हम **ऑयल सीड एफपीओ** स्थापित करेंगे एवं उन्हें **सहकारी तेल** मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## मक्का

- हम मक्के की उपज को बढ़ावा देने के लिए **मुफ्त सर्टिफाइड हाई यील्ड मक्के के बीज वितरित** करेंगे।
- हम अगले **5 वर्षों में एमएसपी** पर सरकार के **प्रोक्योरमेंट के लक्ष्य को तीन गुना करेंगे**।
- हम नए **मक्का-विशिष्ट एफपीओ की स्थापना** करेंगे एवं एफपीओ को **प्रोसेसिंग क्लस्टर्स** स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम प्रमुख मक्का उत्पादन **जिलों में मक्का खरीद केंद्र** स्थापित करेंगे।

## बागवानी

- हम **वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट** योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में **हॉर्टिकल्चर हब** स्थापित करेंगे, जिसमें **संतरा, किन्नू, अमरुद, खजूर** आदि की प्रोसेसिंग को सुनिश्चित करेंगे।
- हम **हॉर्टिकल्चर प्रमोशन एजेंसी** की स्थापना करेंगे, जिससे फसलों के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा।
- हम बाड़मेर, जालौर और जोधपुर **अनार बेल्ट में नए प्रोसेसिंग क्लस्टर्स** स्थापित करके, अनार-आधारित प्रोडक्ट्स के उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा देंगे।
- हम **₹100 करोड़** के निवेश के साथ **मिशन कमलम (ड्रैगन फ्रूट)** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत **5,000 हेक्टेयर में ड्रैगन फ्रूट** उत्पादन को बढ़ावा देंगे।
- हम **राज-ऑलिव ब्रांड** की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रमुख ऑलिव उत्पादन **जिलों** में नए ऑलिव रिफाइनरी स्थापित करेंगे।

## औषधीय पौधे

- हम **इसबगोल, अश्वगंधा, मेहंदी, सोनामुखी, शंखपुष्पी, गुग्गुल** जैसी फसलों की सही मूल्य पर खरीद के लिए मार्केट **इंटरवेंशन स्कीम** लागू करेंगे।
- हम **आंवला, ग्वार गम एवं इसबगोल के मिनी फूड पार्क** स्थापित कर प्रोसेसिंग एवं वैल्यू चेन को सुनिश्चित करेंगे।
- हम **नए सौंफ एवं जीरा सीड प्रोसेसिंग क्लस्टर** स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि करेंगे।
- हम प्रदेश के **रेगिस्तानी इलाकों** में प्राकृतिक रूप से **विकसित औषधीय पौधे** के उत्पादन को प्रोत्साहित करेंगे एवं उनकी बिक्री बढ़ाने का प्रावधान करके किसानों की आय में वृद्धि करेंगे।

## दुग्ध उत्पादन

- हम प्रदेश में **20,000 डेयरी सहकारी समितियों** की स्थापना करेंगे, जिससे किसानों को दूध की सही कीमत मिले सकेगी।
- हम नए **दूध प्रोसेसिंग क्लस्टर** स्थापित करके इनमें कलेक्शन, पाश्चराइजेशन, कोल्ड स्टोरेज एवं पैकेजिंग की व्यवस्था करेंगे।
- हम प्रत्येक ब्लॉक में आवश्यकता अनुसार **नई गौशालाओं** का निर्माण करेंगे।

## पशुपालन

- हम **₹100 करोड़** के निवेश के साथ **ऊंट संरक्षण और विकास मिशन** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत राज्य पशु ऊंट के पालन और संरक्षण के लिए किसानों को सहायता प्रदान करेंगे।
- हम नवजात ऊंट के पालन-पोषण के लिए पशुपालकों को **₹20,000 तक की वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे।
- हम प्रत्येक ब्लॉक में **पशु चिकित्सालय** एवं **ग्राम पंचायत स्तर पर मोबाइल पशु चिकित्सालय** स्थापित करेंगे। साथ ही, इन चिकित्सालयों में पशु चिकित्सक नियुक्त करेंगे।
- हम **₹50 करोड़** के निवेश के साथ **पशुपालन कल्याण कोश** बनाएंगे, जिसके अंतर्गत **लम्पी स्किन डिजीज, एंथ्रेक्स, एवं स्वाइन फ्लू** जैसी बीमारियों के इलाज या पशु की मृत्यु होने पर किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **पशुधन बीमा योजना** के अंतर्गत दुधारु एवं अन्य पशुओं के लिए **मुफ्त बीमा** एवं उनके रोगों के लिए मुफ्त टीकाकरण की व्यवस्था करेंगे।
- हम मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए **पोल्ट्री क्लस्टर** स्थापित करेंगे एवं इच्छुक पालकों को न्यूनतम दर पर नए क्लस्टर शुरु करने के लिए **₹10 लाख** तक का ऋण प्रदान करेंगे।
- हम अंडे के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रमुख जिलों में **हैचरी, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं एवं प्रोसेसिंग यूनिट** की स्थापना करेंगे।
- हम प्रत्येक संभाग में **पशु एवं पोल्ट्री चारा निर्माण यूनिट** स्थापित करेंगे जिससे पालकों को उचित मूल्य पर पशु एवं मुर्गी चारा मिलेगा।

# मधुमक्खी पालन

- हम **मधुमक्खी एवं शहद क्लस्टर** स्थापित करेंगे जिसके अंतर्गत कलेक्शन, फिल्ट्रेशन, प्रोसेसिंग, पाश्चराइजेशन एवं पैकेजिंग की व्यवस्था करेंगे।
- हम पालकों को मधुमक्खी पालन एवं शहद बनाने के लिए **निशुल्क मधुमक्खियों के डिब्बे, प्रशिक्षण एवं उपकरण** प्रदान करेंगे।



जब तक कृषि क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियां समाप्त नहीं होंगी तब तक विकसित प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।









# सुरक्षित समाज, सशक्त महिला



# महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

**राजस्थान को महिलाओं के लिए भारत के सबसे सुरक्षित प्रदेशों में से एक बनाएंगे एवं महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम करेंगे**

- प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला थाना स्थापित करेंगे
- पुलिस बल में महिलाओं की न्यूनतम 33% भर्ती सुनिश्चित करेंगे
- सभी पुलिस स्टेशन में महिला डेस्क स्थापित करेंगे
- राजस्थान सशस्त्र बल (आरएसी) के अंतर्गत 3 महिला पुलिस बटालियन- पदमिनी, काली बाई एवं अमृता देवी शुरु करेंगे
- सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन करेंगे
- सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाएंगे एवं 500 कालिका पेट्रोलिंग टीम तैनात करेंगे
- सभी प्रमुख शहरों में पिंक बस का नेटवर्क शुरु करेंगे
- महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय दिलाने के लिए नए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित करेंगे

# शिक्षा व्यवस्था

- हम **लाडो प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस, पिछड़े एससी और एसटी वर्ग के परिवारों को बालिका के जन्म पर सेविंग बांड प्रदान करेंगे, जिससे प्रत्येक लाडो को मिलेगा:
  - कक्षा 6 में ₹6,000
  - कक्षा 9 में ₹8,000
  - कक्षा 10 में ₹10,000
  - कक्षा 11 में ₹12,000
  - कक्षा 12 में ₹14,000
  - व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पहले एवं अंतिम वर्ष में ₹50,000
  - 21 वर्ष की उम्र में ₹1 लाख की मुश्त राशि
- हम प्रदेश की **सभी गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक** मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।
- हम सभी **सरकारी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संस्थानों** में छात्राओं के लिए सीटें आरक्षित करेंगे।
- हम प्रदेश का **पहला बालिका सैनिक स्कूल** स्थापित करेंगे, जिसके अंतर्गत बालिकाओं को सशस्त्र बल एवं पुलिस बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत कक्षा 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करेंगे।
- हम प्रत्येक जिले में **सावित्रीबाई फुले छात्रावास** स्थापित करेंगे एवं मौजूदा छात्रावासों का नवीनीकरण करेंगे।

# महिला प्रेरित विकास

- हम **महिलाओं के लिए सभी लंबित रिक्तियों** को प्राथमिकता से भरेंगे एवं **शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण को 50%** तक बढ़ाएंगे।
- हम **₹1,000 करोड़** के निवेश के साथ **महिला सशक्तिकरण एसएचजी मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत अगले पांच वर्षों में **2 लाख नए महिला एसएचजी** बनाएंगे और उन्हें सरल ऋण सुविधाएं एवं मार्केट लिन्केज की सुविधा प्रदान करेंगे।
- हम एसएचजी में काम करने वाली लगभग **28 लाख महिलाओं** को **महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना** के माध्यम से न्यूनतम दर पर **₹1 लाख** तक का ऋण उपलब्ध कराएंगे।
- हम **लखपति दीदी योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत **6 लाख से ज्यादा**

**ग्रामीण** महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी वार्षिक आय कम से कम ₹1 लाख हो।

- हम प्रदेश में **पहला महिला औद्योगिक पार्क** बनाकर महिला उद्यमियों को बढ़ावा देंगे।


## गरिमामय जीवन

- हम प्रदेश की **सभी गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक** मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।
- हम विधवा एवं निराश्रित महिलाओं की **मासिक पेंशन** राशि को बढ़ाकर **₹1,500** करेंगे।
- हम **₹100 करोड़** के निवेश के साथ **मिशन पिंक टॉयलेट** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत सभी सरकारी स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए मौजूदा शौचालयों का नवीनीकरण एवं नए स्मार्ट शौचालयों का निर्माण करेंगे।
- हम महिला खिलाड़ियों को **₹5 लाख तक की वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे।

## स्वास्थ्य सेवाएं


- हम प्रत्येक जिला अस्पताल में **नियोनेटल आईसीयू, सर्जिकल आईसीयू** एवं ऑब्स्टेट्रिक आईसीयू की स्थापना करेंगे।
- हम **पीएम मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत वित्तीय सहायता को **₹5,000 से बढ़ाकर ₹8,000** करेंगे एवं इसका 100% कवरेज सुनिश्चित करेंगे।
- हम प्रदेश में सभी लड़कियों एवं महिलाओं के लिए **मुफ्त एचपीवी वैक्सीन** के साथ-साथ **सर्वाइकल कैंसर की मुफ्त जांच** की सुविधा सुनिश्चित करेंगे।
- हम सभी लड़कियों एवं महिलाओं के लिए **स्तन कैंसर की मुफ्त जांच** की सुविधा सुनिश्चित करेंगे।
- हम प्रदेश की सभी गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को 5 **लीटर देसी घी, आयरन टेबलेट, ज़िंक एवं मल्टीविटामिन** जैसी उपयोगी वस्तुओं से युक्त **पोषण किट** वितरित करेंगे।
- हम सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं सार्वजनिक संस्थानों में **₹1 प्रति पैड** वाली 50,000 **सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन** स्थापित करेंगे।

- हम सभी **आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं** को मिशन मोड पर स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेंगे।
- हम आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का **मासिक मानदेय ₹13,000**, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का **मानदेय ₹7,500**, आंगनवाड़ी सहायिकाओं का **मानदेय ₹6,500** और आशा कार्यकर्ताओं का **मानदेय ₹6,000** करेंगे।
- हम प्रत्येक आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता का पीएम श्रम योगी मान-धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, आदि के अंतर्गत मिशन मोड में पंजीकरण करेंगे।



आज देश की प्राथमिकता, भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी है।







# उत्कृष्ट शिक्षा, समर्थ युवा





# राजस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे

## हम राजस्थान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए

- जोधपुर में फूड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे
- 402 पीएम श्री स्कूलों का मिशन मोड में निर्माण पूर्ण करेंगे
- प्रदेश का पहला एविएशन विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे
- प्रदेश में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) का परिसर स्थापित करेंगे
- प्रदेश के प्रत्येक संभाग में आई.आई.टी की तर्ज पर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी स्थापित करेंगे

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

- हम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से **स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफॉर्म** खरीदने के लिए **₹1,200** की वार्षिक सहायता प्रदान करेंगे।
- हम कक्षा 6वीं पास सभी जरूरतमंद **विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल** प्रदान करेंगे।
- हम सभी जरूरतमंद मेधावी 12वीं पास छात्रों को **मुफ्त लैपटॉप** प्रदान करेंगे।
- हम सभी **मौजूदा आंगनवाड़ी केंद्र** को **बाल शिक्षा केंद्र** में परिवर्तित करके उनका आधुनिकीकरण करेंगे।

## शिक्षक कल्याण

- हम **शिक्षा विभाग की सभी रिक्तियों** को एक वर्ष के अंदर भरने के लिए संकल्पित हैं।
- हम प्रदेश में कार्यरत सभी संविदा शिक्षक, शिक्षक की **समस्याओं का त्वरित समाधान** करने हेतु विशेष **समिति** स्थापित करेंगे।
- हम **प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों** को वेतन वृद्धि का लाभ देंगे।

## स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर

- हम **राजस्थान खेल आधुनिकीकरण मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों समेत पूरे प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं नवीनीकरण करेंगे।
- हम **नई खेल नीति** बनाकर, विभिन्न खेलों और उभरते खिलाड़ियों को बढ़ावा देंगे।
- हम **वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स** योजना शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण करेंगे।
- हम प्रदेश में **राजस्थान एडवेंचर स्पोर्ट्स** अकादमी की स्थापना करेंगे।
- हम प्रदेश के सभी ब्लॉकों में **खुशी राम बास्केटबॉल अकादमी** की स्थापना करेंगे।
- हम प्रत्येक वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज़ पर **खेलो राजस्थान यूथ गेम्स** का आयोजन करते रहेंगे।
- हम **प्रत्येक ग्राम पंचायत** में ओपन जिम एवं खेल मैदान स्थापित करने का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे एवं मौजूदा स्टेडियम में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था करेंगे।

- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों** को सरकारी नौकरी मिले।
- हम प्रदेश के खिलाड़ियों को **चिकित्सा, दुर्घटना एवं जीवन बीमा कवरेज** प्रदान करेंगे।

## रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण

- हम अगले पांच वर्षों में पात्र युवाओं को **रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम अगले पांच वर्षों में प्रदेश के युवाओं को **2.5 लाख सरकारी नौकरियां** प्रदान करेंगे।
- हम प्रत्येक वर्ष **सरकारी परीक्षा कैलेंडर** जारी कर लंबे समय से खाली पड़ी सरकारी नौकरी की रिक्तियों को मिशन मोड में भरेंगे।
- हम प्रदेश में **प्रधानमंत्री रोजगार मेले** की तर्ज़ पर **प्रत्येक संभाग में वार्षिक रोजगार मेले** आयोजित करेंगे।
- हम **प्रत्येक जिले** में **आई स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर** स्थापित करके युवाओं को स्टार्टअप्स शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम **वन ब्लॉक-वन आईटीआई योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत मौजूदा आईटीआई का नवीनीकरण करेंगे और प्रत्येक ब्लॉक में **एक सरकारी आईटीआई** स्थापित करेंगे।
- हम प्रदेश के **अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता** देने की व्यवस्था करेंगे।

## युवा कल्याण

- हम **नशा मुक्त राजस्थान मिशन** शुरू करेंगे जिसके अंतर्गत **प्रत्येक जिले में एक नशा मुक्ति केंद्र** स्थापित करेंगे।
- हम प्रदेश में **आत्महत्या की दर को कम** करने के लिए **कोटा, जोधपुर और जयपुर** जैसे शहरों में जिला स्तर पर **युवा साथी केंद्र** स्थापित करेंगे।
- हम जरूरतमंद **युवाओं** के लिए JEE, NEET, CLAT, UPSC, RPSC जैसी परीक्षाओं की **मुफ्त कोचिंग** की व्यवस्था करेंगे।



> मेरा विश्वास भारत के युवाओं पर है, जो आत्मनिर्भर भारत के हमारे सपने को वास्तविकता में बदल देंगे।










# आरोग्य प्रदेश




# हमारा संकल्प है, हम राजस्थान में मजबूत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करेंगे

**₹40,000 करोड़ के निवेश के साथ भामाशाह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत हर स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार एवं नवीनीकरण करेंगे**

- मेडिकल टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मॉडल पर 2 मेडिसिटी स्थापित करेंगे
- प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित करेंगे
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण करेंगे
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन डायलिसिस केंद्र के अंतर्गत प्रत्येक जिले में डायलिसिस यूनिट स्थापित करेंगे
- 350 नए जन औषधि केंद्र स्थापित करेंगे, ताकि नागरिकों को कम कीमत में जरूरी दवाइयां मिल सकें
- वन ब्लॉक-वन डायग्नोस्टिक सेंटर के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में मुफ्त डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करेंगे
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज के अंतर्गत प्रत्येक जिले में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करेंगे

# सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **₹350 करोड़** के निवेश से **एम्स जोधपुर** में ट्रॉमा, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम **₹120 करोड़** के निवेश के साथ **बीकानेर** में **कैंसर उपचार** के लिए **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस** स्थापित करेंगे।
- हम **प्रत्येक ग्राम पंचायत** में सब-सेंटर एवं प्राइमरी हेल्थ सेंटर को **हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर** के रूप में विकसित करेंगे।
- हम **सभी जिला अस्पतालों** में चरणबद्ध क्रम से **20,000 नए बेड** की व्यवस्था करेंगे।
- हम **वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक** के अंतर्गत **प्रत्येक ब्लॉक में ब्लड बैंक** स्थापित करेंगे।
- हम **500 नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस** एवं **1,000 नई बाइक एम्बुलेंस** का नेटवर्क शुरू करेंगे।
- हम 2025 तक राजस्थान को **टीबी मुक्त** बनाएंगे एवं टीबी रोगियों की मासिक वित्तीय सहायता को बढ़ाकर **₹1,000** करेंगे।
- हम डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए **राजस्थान रोग निर्मूलन मिशन** शुरू करेंगे।
- हम प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रत्येक **जिला हॉस्पिटल में वृद्धावस्था विशेषज्ञ** इकाई स्थापित करेंगे।
- हम प्रदेश के **प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिवर्ष दो स्वास्थ्य मेलों** का आयोजन करेंगे, जहाँ बीमारियों की जांच, स्वास्थ्य जागरूकता और आयुष्मान कार्ड प्रदान करेंगे।
- हम प्रदेश के **गरीब और बुजुर्ग नागरिकों को प्रत्येक वर्ष मुफ्त 4 मेडिकल जांच** के अवसर प्रदान करेंगे।

# मानव संसाधन

- हम **डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन एवं पैरामेडिकल** स्टाफ की सभी रिक्तियों को शीघ्र भरेंगे।
- हम **15,000 डॉक्टर एवं 20,000 पैरा-मेडिकल स्टाफ** की नई नियुक्तियां करेंगे।
- हम **एमबीबीएस एवं अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में 6,000 नई** सीटों जोड़ेंगे।
- हम **प्रत्येक जिला अस्पताल में मेन्टल हेल्थ चिकित्सक** की नियुक्ति करेंगे।

हम भारत के
स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को
निरंतर बढ़ाने के लिए अथक
प्रयास कर रहे हैं। हमारा ध्यान
नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता
और सस्ती स्वास्थ्य सेवा
सुनिश्चित करने पर है।









# कुशल प्रशासन, मजबूत कानून व्यवस्था



# हमारे लिए नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि है

**हम गुंडागर्दी, दंगे, पत्थरबाजी एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की राजस्थान में रोकथाम करेंगे**

- भारत विरोधी ताकतों के स्लीपर सेल की जांच करने और उनपर अंकुश लगाने हेतु विशेष पुलिस सेल स्थापित करेंगे
- प्रत्येक संभाग में एंटी-टेररिस्ट कमांडो सेंटर स्थापित करेंगे
- गैंगवार को रोकने के लिए एक विशेष एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स की स्थापना करेंगे
- केंद्र सरकार के साथ मिलकर स्मार्ट फेंस, बॉर्डर पोस्ट और सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से सीमा पर घुसपैठ और तस्करी को नियंत्रित करेंगे

## भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन

- हम **श्वेत पत्र** लाकर पिछली सरकार के राज में हुए **सभी भ्रष्टाचार के मामलों** जैसे सरकारी विभागों में छुपाई गई करोड़ों की संपत्ति एवं सोना, बिजली विभाग घोटाला, पुलिस भ्रष्टाचार, इत्यादि **का खुलासा करेंगे** एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम **खनन घोटालों** की जांच के लिए **टास्क फोर्स स्थापित** करेंगे एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम **आईटी घोटालों** की जांच के लिए **टास्क फोर्स स्थापित** करेंगे एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम **मिड-डे मील** में हुए **भ्रष्टाचार** की जांच के लिए **टास्क फोर्स** स्थापित करेंगे।
- हम **पीएम आवास योजना** में हुए **भ्रष्टाचार** की जांच के लिए **टास्क फोर्स स्थापित** करेंगे।
- हम **जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार** की जांच के लिए **टास्क फोर्स स्थापित** करेंगे।
- हम **प्रत्येक संभाग में एंटी-करप्शन** यूनिट की स्थापना करेंगे।

## किसान अधिकार

- हम कांग्रेस सरकार के राज में नीलाम हुई **किसानों की जमीनों** का **उचित मुआवजा** देने के लिए **मुआवजा नीति** लाएंगे।
- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आगे किसानों की जमीन नीलाम ना हो एवं इसके लिए एक **नोटिफिकेशन** लाएंगे।
- हम प्रदेश में भूमि सम्बन्धी विवादों के त्वरित निपटारे के लिए **प्रत्येक जिले** में भूमि थाना एवं भूमि न्यायालय की स्थापना करेंगे।

## जीरो पेपर लीक

- हम **पेपर लीक मामलों** की त्वरित जांच करने के लिए एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए **स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम** का गठन करेंगे।
- हम प्रदेश में सभी परीक्षाओं के निष्पक्ष संचालन करने के लिए **नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तर्ज़ पर प्रदेश परीक्षण एजेंसी** (एसटीए) एवं प्रत्येक जिले में **जिला परीक्षण एजेंसी** की स्थापना करेंगे।

# सुशासन

- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि **प्रदेश के प्रशासन को राजनीतिक पक्षपात, जाति आधारित भेदभाव, धार्मिक हस्तक्षेप** से मुक्त किया जाए एवं नागरिकों को **पारदर्शी रुप से सेवाएं एवं योग्यता के आधार पर नौकरियां** प्रदान की जाएगी।
- हम कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण हुई घटनाओं जैसे **जयपुर बम ब्लास्ट के दोषी बरी, कन्हैयालाल तेली हत्याकांड, हिन्दू तीर्थ स्थलों का नष्टीकरण** आदि पर सख्त कार्रवाई करेंगे।
- हम **नीति आयोग** की तर्ज़ पर **राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (रीति)** की स्थापना करेंगे, जो राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने का रोडमैप तैयार करेगा।
- हम **प्रत्येक ग्राम पंचायत** में नियमित रुप से समृद्ध राजस्थान मेले का आयोजन करेंगे, जिसके द्वारा **सभी सरकारी योजनाओं** का लाभ ज्यादा से ज्यादा नागरिकों तक पहुंचाएंगे।
- हम नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करने के लिए ब्लॉक स्तर पर **जनता दरबार** का आयोजन करेंगे।
- हम **एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम** के अंतर्गत चयनित **27 ब्लॉक** के काम को तेजी से पूरा करेंगे, जिससे शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी नागरिक संबंधी सेवाएं सुनिश्चित करेंगे।
- हम प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में **आबादी विस्तार** से संबंधित लंबित प्रकरणों का **विशेष नीति** बनाकर निस्तारण करेंगे।
- हम राजस्थान **वाइब्रेंट विलेज योजना** शुरु करके प्रदेश के सभी सीमावर्ती गांवों के सर्वांगीण विकास करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री फेलोशिप प्रोग्राम** की शुरुआत करके प्रतिभाशाली युवाओं को सरकार के साथ काम करने का अवसर प्रदान करेंगे।

# सरकारी कर्मचारी

- हम **पारदर्शी स्थानांतरण नीति** लागू करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण में कोई भी भेदभाव नहीं हो।
- हम सभी सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों एवं संविदा कर्मचारियों को **आयुष्मान भारत** के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेंगे।
- हम **सरकारी कर्मचारियों को उनका वेतन एवं लाभ** बिना किसी विलंब के प्रदान करेंगे।

- हम **मिशन कर्मयोगी** की तर्ज़ पर **सरकारी कर्मचारियों** के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगे।

## पुलिस कर्मचारी

- हम पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का विस्तार **कोटा, बीकानेर, अजमेर एवं उदयपुर** में करेंगे।
- हम **प्रत्येक पुलिस स्टेशन** में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित करेंगे।
- हम प्रदेश में **फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी** स्थापित करेंगे।
- हम पुलिस कर्मचारियों को आवास की सुविधा प्रदान करने के लिए **भवनों का निर्माण, मरम्मत** आदि के कार्य को तेजी से पूरा करेंगे।
- हम **पुलिस मॉडर्नाइजेशन फंड** के अंतर्गत सभी पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक हथियार प्रदान करेंगे और सभी मौजूदा पुलिस स्टेशनों की मरम्मत एवं आवश्यकता के अनुसार नए स्टेशनों का निर्माण करेंगे।


## न्याय व्यवस्था

- हम **मिशन मोड** में न्यायपालिका की सभी रिक्तियों को भरेंगे।
- हम सभी जिला अदालतों में **आर्बिट्रेशन एंड मीडिएशन सेल** स्थापित करके नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराएंगे।
- हम नए **फास्ट-ट्रैक कोर्ट** स्थापित कर नागरिकों को न्याय में विलम्ब से मुक्ति दिलाएंगे।



सुशासन प्राप्त करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति आवश्यक है। नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन बिना राजनीतिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक प्रक्रिया के, स्थायी सुशासन प्राप्त नहीं किया जा सकता है।








# गौरवशाली विरासत, अद्वितीय पर्यटन





# राजस्थान की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं

**हम 8 क्षेत्रीय विरासत अकादमियां स्थापित करेंगे जो उन क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजन, वेशभूषा एवं लोक कला पर शोध एवं संरक्षण करेंगी**



सीकर में महाराव शेखाजी शेखावाट अकादमी



जयपुर में सवाई जय सिंह ढूंढाड़ अकादमी




भरतपुर में महाराजा सूरजमल ब्रज अकादमी




कोटा में सरदार बूंदा मीणा हाड़ौत अकादमी




उदयपुर में राणा सांगा मेवाड़ अकादमी



जोधपुर में राव जोधा राठौड़ मारवाड़ अकादमी



अजमेर में पृथ्वीराज चौहान अजमेर अकादमी



बीकानेर में अल्लाह जिलाई बाई मांड अकादमी

# सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान

- हम **राजस्थान लोक देवता संग्रहालय** की स्थापना करेंगे जिसमें वीर तेजाजी, रामदेवजी, देवनारायणजी एवं राजस्थान के अन्य लोक देवताओं की जीवनी प्रदर्शित की जाएगी।
- हम प्रदेश में भव्य **ज्योतिबा फुले संग्रहालय** का निर्माण करेंगे।
- हम **गवरी देवी कला केंद्र** की स्थापना करेंगे, जिसके द्वारा राजस्थान के लोक गायकों एवं संगीतकारों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
- हम **राजस्थान लोक नृत्य केंद्र** की स्थापना करके **कालबेलिया, घूमर, भवई** एवं अन्य राजस्थानी लोक नृत्यों का शिक्षण एवं प्रोत्साहन करेंगे।
- हम **लोक संगीत संग्रहालय** का निर्माण करेंगे जिसमें विशेष रूप से भक्ति संत **मीराबाई** एवं **भक्ति आंदोलन** के संगीत को दर्शाया जाएगा।
- हम **बसवा (दौसा) एवं मांडलगढ़ में महाराणा सांगा जी** के भव्य **स्मारकों** का निर्माण करेंगे।
- हम **खेजड़ली जोधपुर** में **अमृता देवी बिश्नोई इंडिजेनस प्लांट म्यूजियम** बनाएंगे जो बिश्नोई समुदाय के द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को समर्पित होगा।
- हम **शहीद संग्रहालय** स्थापित करेंगे, जिसमें राजस्थान के वीर-वीरांगनाओं के योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा।

# आस्था एवं संस्कृति का संरक्षण

- हम **₹2,000 करोड़** के निवेश के साथ **मिशन सांस्कृतिक धरोहर** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत धार्मिक स्थलों के नवीनीकरण एवं निर्माण के लिए अनुदान देंगे।
- हम **₹100 करोड़** के निवेश से प्रदेश के **प्रमुख त्रिवेणी संगमों : बेणेश्वर धाम, रामेश्वर घाट** एवं **बीगोद संगम** का विकास करके **त्रिवेणी संगम पर्यटन सर्किट** की स्थापना करेंगे।
- हम **पुष्कर** के घाटों और मंदिरों का **नवीनीकरण** एवं **पुनर्विकास** करेंगे।
- हम काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर **देवनारायण कॉरिडोर** के निर्माण में तेजी लाएंगे।

- हम **देशनोक, बीकानेर करणी माता मन्दिर** का विकास करेंगे।
- हम जैसलमेर में **तनोट माता मंदिर** के विकास में तेजी लाएंगे।
- हम **संस्कृति पोर्टल** की स्थापना करेंगे जिसके द्वारा हम राजस्थानी गांवों एवं उनके मंदिरों के अतुलनीय इतिहास को रिकॉर्ड करके नागरिकों तक पहुंचाएंगे।
- हम **राजस्थानी भाषा विकास बोर्ड** की स्थापना करके राजस्थानी भाषा का विकास करेंगे।
- हम वार्षिक **विजयदान देथा साहित्य उत्सव** की शुरुआत करेंगे, जो राजस्थानी साहित्य को प्रोत्साहित करेगा।
- हम **अरावली, आदिबद्री** एवं **कनकांचल पर्वतों** में हो रहे अवैध खनन को पूरी तरह से रोकेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **ब्रज चौरासी सर्किट** को **भक्ति पर्यटन** के रूप में विकसित करेंगे।

## पारम्परिक कला, व्यंजन एवं वेशभूषा

- हम **कला कारवां पोर्टल** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत लोक कलाकार एवं शिल्पकार अपने उत्पाद जैसे **जोधपुरी बंधेज, जयपुर की ब्लू पॉटरी** और **पोकरण शिल्प** को देश एवं दुनिया भर में बेच सकेंगे।
- हम **कलाकार पेंशन योजना** के अंतर्गत लोक कलाकारों को **प्रतिमाह ₹6,000** की पेंशन प्रदान करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान के प्रसिद्ध स्थानीय उत्पादों, जैसे **राजस्थानी पगड़ियां, जयपुरी मोजड़ी, अलवर कलाकंद एवं बूंदी बासमती चावल को जीआई टैग** दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम वार्षिक **राजस्थानी अंतर्राष्ट्रीय फूड उत्सव** शुरु करेंगे जिससे हम **दाल बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर सांगरी** एवं अन्य राजस्थानी व्यंजनों के अतुलनीय स्वाद को पूरी दुनिया तक लेकर जाएंगे।

## पर्यटन उद्योग एवं अर्थव्यवस्था

- हम अगले 5 वर्षों में **राजस्थान की पर्यटन अर्थव्यवस्था** को दोगुना से भी ज्यादा करके **₹5 लाख करोड़** बनाने के लिए विरासत संरक्षण में निवेश करेंगे और स्थानीय कला, शिल्प एवं हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को बढ़ावा देंगे।

- हम **₹2,000 करोड़** के निवेश के साथ **पर्यटन कौशल कोष** बनाकर प्रदेश के 5 **लाख युवाओं** को प्रशिक्षित कर रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम **हॉस्पिटैलिटी सेक्टर** के दायरे में आने वाले व्यवसायों को प्रोत्साहित करेंगे।

# पर्यटन विकास


- हम **फेस्टिवल सर्किट** विकसित करके प्रमुख राजस्थानी उत्सवों जैसे **जैसलमेर का मरु उत्सव, बीकानेर का ऊंट उत्सव, जयपुर का पतंग उत्सव, उदयपुर का झील उत्सव, बांसवाड़ा का माही उत्सव** आदि का भव्य आयोजन करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **स्वदेश दर्शन 2.0 योजना** के अंतर्गत **जोधपुर** एवं **बूंदी** का विकास समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे।
- हम राजस्थान में **फूड पर्यटन सर्किट** विकसित करेंगे, जिसके माध्यम से पर्यटकों को राजस्थान के पकवान चखने और उनका आनंद लेने का अवसर मिलेगा।
- हम थार मरुस्थली में **हॉट एयर बलून सफारी, स्काई-डाइविंग** एवं अन्य **एडवेंचर पर्यटन** गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।
- हम **हेली टूरिज्म** को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के **सभी सीमावर्ती जिलों में हेलीपैड** विकसित करेंगे।
- हम जैसलमेर में **डेजर्ट नेशनल पार्क** को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम **ग्रामीण पर्यटन** को बढ़ावा देकर **रोजगार** अथवा **स्वरोजगार** के अवसर प्रदान करेंगे एवं हस्तशिल्प, नृत्य, संगीत या कला के लिए प्रसिद्ध गांवों की पहचान कर उनका प्रचार करेंगे।








भारत एक राष्ट्र होने के साथ ही एक महान परंपरा है, एक वैचारिक अधिष्ठान है, एक संस्कार की सरिता है।





# सबका विकास, सबका कल्याण



## गरीब कल्याण

- हम राजस्थान में अगले 5 वर्षों के लिए **प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना** के क्रियान्वयन को जारी रखेंगे, जिसके अंतर्गत **सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन** प्रदान करेंगे।
- हम प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ **मुख्यमंत्री आवास योजना** शुरू करके, यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा।
- हम **अन्नपूर्णा रसोई योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत **सभी शहरी निकायों** में पौष्टिक भोजन **₹5 में** एवं श्री अन्न आधारित नाश्ता उपलब्ध कराएंगे।
- हम **ईडब्ल्यूएस कल्याण बोर्ड** का गठन कर ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों का वितरण एवं 10% आरक्षण का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।
- हम **ईडब्ल्यूएस** छात्रों को न्यूनतम **दर** पर **₹10 लाख तक का कोलैटरल-फ्री शिक्षा ऋण** प्रदान करेंगे।

## श्रमिक कल्याण

- हम **ई-श्रम पोर्टल पर 100% पंजीकरण** सुनिश्चित करेंगे।
- हम सभी असंगठित छेत्र के श्रमिकों का आयुष्मान भारत, पीएम-जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम-सुरक्षा बीमा योजना, पीएम-श्रम योगी मानधन योजना आदि योजनाओं के अंतर्गत **100% पंजीकरण** सुनिश्चित करेंगे।
- हम निर्माण श्रमिकों को **कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर** प्रदान करने के लिए **निर्माण श्रमिक उन्नयन योजना** शुरू करेंगे।
- हम **सभी प्रमुख जिलों** में **श्रमिक विश्राम शाला** का निर्माण करेंगे, जिसमें भोजन, स्वच्छ पानी एवं शिशुगृह की सुविधाएं होंगी।

## बुनकर एवं कारीगर कल्याण

- हम सभी बुनकरों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना आदि योजनाओं के अंतर्गत **बीमा कवर** प्रदान करेंगे।

- हम **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रेप्यूट** में प्रवेश पाने वाले बुनकरों एवं हथकरघा कारीगरों के बच्चों को **शिक्षा के लिए** 100% वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, कोटा डोरिया, जोधपुरी बंधेज** आदि जैसे हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने और मार्केट लिन्केज प्रदान करने के लिए प्रत्येक वर्ष देश के सभी प्रमुख शहरों में **हथकरघा एवं हस्तशिल्प मेलों** का आयोजन करेंगे।

## स्ट्रीट हॉकर्स एवं गिग वर्कर्स कल्याण

- हम **स्ट्रीट हॉकर कल्याण बोर्ड** की स्थापना करेंगे, जो उनके कल्याण एवं अधिकारों की देखरेख के लिए जिम्मेदार होगा।
- हम सभी प्रमुख शहरों में **वेंडिंग जोन** स्थापित करेंगे।
- हम सभी इच्छुक गिग वर्कर्स का आयुष्मान भारत, पीएम-जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम-सुरक्षा बीमा योजना आदि **योजनाओं के अंतर्गत** 100% **पंजीकरण** सुनिश्चित करेंगे।

## ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण

- हम उन ऑटो चालकों को **कोलैटरल-फ्री ऋण** प्रदान करेंगे जो ई-रिक्शा पर स्विच करना चाहते हैं।
- हम सभी ऑटो एवं टैक्सी चालकों का आयुष्मान भारत, पीएम-जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम-सुरक्षा बीमा योजना आदि **योजनाओं के अंतर्गत** 100% **पंजीकरण** सुनिश्चित करेंगे।

## जनजातीय कल्याण

- हम अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सभी **सरकारी पदों** को **मिशन मोड में भरेंगे।**
- हम समयबद्ध तरीके से **एसटी प्रमाण पत्रों** का वितरण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, हम जन्म प्रमाण पत्र के साथ या छात्र के कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के बाद एसटी प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था करेंगे।
- हम **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रेप्यूट** में प्रवेश पाने वाले अनुसूचित जनजाति के छात्रों की शिक्षा के लिए 100% **वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे।

- हम प्रत्येक **एसटी ब्लॉक** में लाभार्थियों को **मनरेगा** के अंतर्गत **150 दिनों** तक रोजगार प्रदान करेंगे।
- हम **वन अधिकार अधिनियम** को सख्ती से लागू करके सभी लाभार्थियों **को भूमि पट्टे** प्रदान करेंगे।
- हम जनजातीय युवकों को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रत्येक एसटी ब्लॉक में **माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस प्रोसेसिंग सेंटर** स्थापित करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रत्येक **एसटी ब्लॉक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय** स्थापित करेंगे एवं उनमें **1,500 शिक्षकों** की भर्ती में तेजी लाएंगे।
- हम जनजातीय छात्रों के लिए **प्रत्येक एसटी ब्लॉक में गोविंद गुरु प्रशिक्षण अकादमी** स्थापित करेंगे, जिसमें JEE, NEET, CLAT, UPSC और RPSC जैसी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी।
- हम **सभी जनजाति बाहुल्य जिलों** में **स्पोर्ट्स अकादमी** की स्थापना करेंगे।
- हम 2024 तक सभी एसटी ब्लॉक में मिशन मोड पर **सिकल सेल एनीमिया की जांच** सुनिश्चित करेंगे एवं आवश्यक उपचार प्रदान करेंगे।
- हम **₹50 करोड़** के निवेश के साथ **डूंगरपुर में डूंगर बरंडा, कोटा में कोटिया भील, बून्दी में बूंदा मीणा, बांसवाड़ा में बांसिया चारपोटा** आदि **जनजातीय नायकों** के स्मारकों का निर्माण करेंगे।
- हम जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रतीक **मानगढ़ धाम** को भव्य ट्राइबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करेंगे।
- हम **उदयपुर** में **वीर बालिका काली बाई संग्रहालय** का निर्माण करेंगे जो जनजातीय इतिहास एवं साहित्य के संरक्षण को समर्पित होगा।
- हम **₹50 करोड़** के निवेश के साथ **जनजातीय मंदिर संरक्षण मिशन** शुरू करेंगे जिसके अंतर्गत सभी जनजातीय **श्रद्धा एवं पूजा स्थलों** का नवीनीकरण किया जाएगा।

## अनुसूचित जाति कल्याण

- हम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित **सभी सरकारी पदों** को **शीघ्रता से भरेंगे**।
- हम **समयबद्ध** तरीके से **एससी प्रमाण पत्रों** का वितरण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही,

हम जन्म प्रमाण पत्र के साथ या छात्र के कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के बाद **एससी प्रमाण पत्र** प्रदान करने की व्यवस्था करेंगे।

- हम **नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ रेप्यूट** में प्रवेश पाने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों की शिक्षा के लिए **100% वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे।
- हम **सभी प्रमुख** अनुसूचित जाति के समुदायों के समग्र विकास एवं उनकी शिकायतों का समय पर समाधान हेतु **कल्याण बोर्ड** का गठन करेंगे।
- हम अनुसूचित जाति समुदाय के लिए **अम्बेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत हम बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी से जुड़े पंचतीर्थों के भ्रमण का प्रावधान करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **नमस्ते योजना** के अंतर्गत सभी **मैनुअल स्कैवेंजिंग** से जुड़े हुए मजदूरों के **पुनः रोजगार** के लिए प्रशिक्षण अथवा **स्वरोजगार** के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

## ओबीसी कल्याण

- हम समयबद्ध तरीके से **ओबीसी प्रमाण पत्रों** का वितरण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, हम जन्म प्रमाण पत्र के साथ या छात्र के कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के बाद ओबीसी प्रमाण पत्र प्रदान करने की व्यवस्था करेंगे।
- हम ओबीसी छात्रों को न्यूनतम दर पर **₹15 लाख तक का कोलैटरल-फ्री शिक्षा** ऋण प्रदान करेंगे।
- हम **सभी प्रमुख ओबीसी** समुदायों के समग्र विकास एवं उनकी शिकायतों का समय पर समाधान हेतु **कल्याण बोर्ड** का गठन करेंगे।

## अल्पसंख्यक कल्याण

- हम जैन संतों के चातुर्मास के लिए भूमि आवंटित करेंगे एवं उन्हें पर्याप्त पुलिस प्रोटेक्शन प्रदान करेंगे।
- हम प्रदेश के ऐतिहासिक सिख धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास करेंगे।
- हम हिन्दू शरणार्थियों के कल्याण के लिए **मुख्यमंत्री शरणार्थी कल्याण योजना** की शुरुआत करेंगे -
    - जोधपुर के हिन्दू शरणार्थी, जिनके घर कांग्रेस सरकार ने ध्वस्त कर दिए,

एवं अन्य हिन्दू शरणार्थियों के लिए घरों और कॉलोनियों का निर्माण करेंगे।

- अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए सब्सिडाइज्ड ऋण प्रदान करेंगे।
- स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करेंगे।

## विमुक्त जनजाति कल्याण

- हम घुमंतू समुदाय के आवश्यक दस्तावेज जैसे **वोटर आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र** आदि बनाने के लिए शिविर लगाएंगे।
- हम घुमंतू समुदाय के परिवारों के लिए **आवासीय पट्टे, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य बीमा** जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

## बुजुर्ग कल्याण

- हम वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन को बढ़ाकर **₹1,500 प्रतिमाह** करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना** के अंतर्गत प्रमुख पवित्र स्थल जैसे हरिद्वार, अयोध्या, सोमनाथ और रामेश्वरम के लिए मुफ्त यात्रा, आवास, भोजन, आदि की व्यवस्था करेंगे।

## दिव्यांग कल्याण

- हम दिव्यांगजनों की पेंशन को बढ़ाकर **₹1,500 प्रतिमाह** करेंगे।
- हम दिव्यांगजनों को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **न्यूनतम ब्याज दर पर ₹50 लाख तक का कोलैटरल-फ्री ऋण** प्रदान करेंगे।
- हम दिव्यांग छात्रों को **टेक्स्ट-टू-वॉयस एवं ओसीआर सॉफ्टवेयर से युक्त लैपटॉप** प्रदान करेंगे।



> वसुधैव कुटुंबकम एक सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें सीमाओं, भाषाओं और विचारधाराओं से परे एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है।









# प्रबल अर्थव्यवस्था एवं उद्योग



# आर्थिक विकास

## हम अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं

- राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स की स्थापना करेंगे जिसके अंतर्गत
    - ₹5 लाख करोड़ से अधिक के मौजूदा कर्ज़ को कम करने के लिए रोडमैप तैयार करेंगे
    - प्रति व्यक्ति आय दोगुना करेंगे
- पर्यटन, कृषि, सॉफ्टवेयर एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए वार्षिक राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित करेंगे
- ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में प्रदेश को शीर्ष 5 स्थानों पर लाएंगे
- प्रदेश में ₹5 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करेंगे
- एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए नई एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी तैयार करेंगे

## मजबूत इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **6 स्पेशल इकोनॉमिक जोन** का निर्माण एवं संचालन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करेंगे।
- हम रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **13 नए औद्योगिक क्षेत्रों** की स्थापना में तेजी लाएंगे।
- हम **50 लाख** से अधिक युवाओं को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **अटल प्रगति पथ, भटिंडा-अजमेर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे** और **वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर** के पास **इंडस्ट्रियल कॉरिडोर** की स्थापना करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **एक जिला-एक उत्पाद योजना** के अंतर्गत जिलों को चयनित उत्पादों के **उत्पादन एवं निर्यात हब** के रूप में विकसित करेंगे।
- हम प्रदेश में लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्रों को **इंडस्ट्री स्टेटस** प्रदान करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **पाली, कोटा, अजमेर, सिरोही एवं जयपुर में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम सिरेमिक, ग्लास, मेटल कास्टिंग, सीमेंट, आदि उद्योगों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **मेहसाणा-भटिंडा-गुरदासपुर गैस पाइप लाइन** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम मार्बल, ग्रेनाइट और माइनिंग जैसे उद्योगों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर श्रीनाथद्वारा को मेवाड़ और मारवाड़ से जोड़ने वाली **नई रेलवे लाइन** के निर्माण में तेजी लाएंगे।

## कृषि उद्योग

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **बीकानेर में मेगा फूड पार्क** के निर्माण को तेजी से पूर्ण करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **टोंक, जोधपुर, जयपुर** एवं **चूरू** में **एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर** के निर्माण को तेजी से पूर्ण करेंगे।
- हम रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राजस्थान में **2 स्पाइस प्रोसेसिंग पार्क** स्थापित करेंगे।

- हम **₹50 करोड़** के निवेश के साथ **हल्दी घाटी फूल प्रोसेसिंग क्लस्टर का विस्तार** करेंगे।

## टेक्सटाइल एवं लेदर उद्योग

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **₹10,000 करोड़** के निवेश से **जोधपुर** के **पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क** का निर्माण तेजी से पूरा करेंगे, जिससे **3 लाख** रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।
- हम **3 लाख** रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **भीलवाड़ा** में **टेक्सटाइल पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम **₹400 करोड़** के निवेश के साथ रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **हैंडीक्राफ्ट पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम **2 लाख** रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **मेगा लेदर पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **₹900 करोड़** के निवेश से **3 टॉय मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर** के निर्माण एवं संचालन को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करेंगे।

## विशिष्ट उद्योग

- हम **₹72,000 करोड़** के निवेश के साथ केंद्र सरकार के साथ मिलकर **बाड़मेर रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम **1 लाख** रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम **मारवाड़ क्षेत्र** में **फार्मास्यूटिकल पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए **स्टोन कार्विंग पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क** का निर्माण करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **2 इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम जयपुर आईटी पार्क को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ **साइबर सिटी** के रूप में विकसित करेंगे।


- हम प्रदेश में पाए गए **लिथियम एवं पोटाश भंडार** के उपयोग से प्रदेश को **ईवी मैन्युफैक्चरिंग हब** की तरह विकसित करेंगे।
- हम **ईवी एवं ऑटो कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **रेयर अर्थ मेटल थीम पार्क** स्थापित करके निर्यात को बढ़ावा देंगे।
- हम प्रत्येक संभाग में **रीसाइक्लिंग पार्क** की स्थापना करेंगे, जिसके अंतर्गत सभी प्रकार के कचरे को रीसाइक्लिंग करेंगे।

## एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम)

- हम **₹500 करोड़** के निवेश के साथ एमएसएमई को **₹10 लाख** तक का **ऋण** न्यूनतम दर पर प्रदान करेंगे।
- हम **प्रत्येक संभाग** में **एमएसएमई विकास एवं सुविधा केंद्र** स्थापित करेंगे।
- हम प्रत्येक जिले में **मार्केटिंग एवं एक्सपोर्ट असिस्टेंस सेंटर्स** की स्थापना करेंगे।
- हम प्रत्येक संभाग में वार्षिक **राजस्थान उद्योग मेला** आयोजित करके एमएसएमई उद्यमों की संख्या बढ़ाएंगे।
- हम **₹500 करोड़** के रिवॉल्विंग फण्ड के साथ डिस्ट्रेस्ड **एसेट फण्ड** स्थापित करेंगे, जिससे सभी सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को आपदा के समय समर्थन दिया जाएगा।



व्यवसाय संभावनाओं को समृद्धि में, बाधाओं को अवसरों में, आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदल सकता है।
चाहे वे छोटे हों या बड़े, वैश्विक हों या स्थानीय, व्यवसाय सभी के लिए प्रगति सुनिश्चित कर सकता है।







# सुदृढ़ आधारभूत संरचना




जोधपुर हवाई अड्डा
JODHPUR AIRPORT
SpiceJet

## समग्र क्षेत्रीय विकास

- हम **₹250 करोड़** के निवेश के साथ **मेवात क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम** के अंतर्गत मेवात क्षेत्र का समग्र विकास करेंगे।
- हम **₹250 करोड़** के निवेश के साथ **मगरा क्षेत्रीय विकास योजना** के अंतर्गत मगरा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई आदि परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करेंगे।
- हम **डांग क्षेत्र के जिलों** में पानी, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा और बिजली आदि परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करेंगे।

## शहरी विकास

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर** को स्मार्ट सिटी बनाएंगे।
- हम **₹1,000 करोड़** के निवेश के साथ **सीवेज मैनेजमेंट मिशन** की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गत नए **सीवेज प्लांट स्थापित** करेंगे एवं पुराने सीवेज प्लांट का आधुनिकीकरण करेंगे।
- हम सभी शहरी क्षेत्रों की **स्ट्रीट लाइटों** में **सौर पैनल** एवं **सीसीटीवी** लगाकर उन्हें **स्मार्ट पोल्स** में परिवर्तित करेंगे।
- हम **सभी सार्वजनिक स्थानों** पर **मुफ्त वाई-फाई** सुविधा सुनिश्चित करेंगे।
- हम सभी शहरी केंद्रों में **मल्टी-स्टोरी स्मार्ट पार्किंग** का एक नेटवर्क तैयार करेंगे।
- हम सभी **मुख्य शहरों में पीएनजी पाइपलाइन** से गैस कनेक्शन की व्यवस्था करेंगे।
- हम **2,000 वॉटर एटीएम** स्थापित कर **5,500 से अधिक झुग्गी-झोंपड़ी में स्वच्छ पानी** प्रदान करेंगे।
- हम **₹1,100 करोड़** के निवेश के साथ सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में **मनोरंजन पार्क- आनंदवन** बनाएंगे।
- हम **नगर वन योजना** के तहत राजस्थान में 20 **नगर वन** स्थापित करेंगे।

## ऊर्जा संसाधन

- हम **कांग्रेस सरकार** के कार्यकाल में होने वाली **बिजली चोरी एवं बिजली कटौती** को समाप्त कर घरेलू क्षेत्रों में **24x7 बिजली** सुनिश्चित करेंगे।

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर 9 **सोलर पार्क्स** स्थापित करेंगे जिनकी क्षमता 8,000 **मेगावॉट से अधिक** होगी।

## जल संसाधन

- हम 2025 तक **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत सभी घरों में पानी उपलब्ध कराएंगे।
- हम **भूजल संरक्षण एवं प्रबंध बोर्ड** स्थापित कर भूजल का संरक्षण सुनिश्चित करेंगे।
- हम **₹1,400 करोड़** के निवेश के साथ **स्टेट वॉटर ग्रिड स्थापित** कर बाढ़ जल को सूखा प्रवृत्ति क्षेत्रों में डाइवर्ट करने की व्यवस्था करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **राष्ट्रीय जलमार्ग जवाई-लूनी-रन ऑफ़ कच्छ नदी प्रणाली** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम **मिशन अमृत सरोवर** के अंतर्गत 1,000 **जलाशयों** के पुनर्जीवन में तेजी लाएंगे।

## सड़क विकास

- हम राजस्थान को भारत की **एक्सप्रेसवे राजधानी** बनाने के लक्ष्य से एक **टास्क फोर्स** बनाएंगे जो 6 महीने के अंदर नए **एक्सप्रेसवे के मार्गों** की पहचान कर निर्माण की योजना तैयार करेगी।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **अटल प्रगति पथ** (चम्बल एक्सप्रेसवे) एवं **भटिंडा-अजमेर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे** के निर्माण को गति देंगे।
- हम अगले पांच वर्षों में **₹10,000 करोड़** के निवेश के साथ **राजस्थान रोड डेवलपमेंट एवं मेन्टेनेंस प्रोग्राम** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश की सड़कों का निर्माण एवं रख-रखाव किया जाएगा।
- हम **47 राष्ट्रीय राजमार्गों** एवं **23 प्रदेश राजमार्गों** के निर्माण में तेजी लाएंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जोधपुर रिंग रोड** का निर्माण तेजी से पूरा करेंगे एवं अन्य शहरों में भी रिंग रोड का निर्माण करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जयपुर और जोधपुर** के बीच यात्रा का समय तीन घंटे करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन के राजमार्ग में अपग्रेड करेंगे।
- हम प्रदेश में **फ्लाईओवर, आरयूबी एवं आरओबी** का एक बड़ा नेटवर्क विकसित करेंगे।

# रेल विकास

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **28 रेलवे परियोजनाओं** को समय से पूरा करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **अजमेर, उदयपुर एवं जयपुर** से गुजरने वाले **दिल्ली-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर** के निर्माण को पूर्ण करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर अगले पांच वर्षों में **अमृत भारत स्टेशन योजना** के अंतर्गत **83 रेलवे स्टेशनों** का आधुनिकीकरण करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **जैसलमेर से बाड़मेर** एवं अनूपगढ़ से बीकानेर के मध्य **नई रेल** लाइन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हवाई सेवा

- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **बीकानेर, कोटा एवं जैसलमेर हवाई अड्डों से** नियमित उड़ानों का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

# सार्वजनिक परिवहन

- हम **जयपुर मेट्रो** के नेटवर्क का विस्तार करेंगे एवं प्रमुख शहरों में **मेट्रो लाइनों** के विकास के लिए एक **मास्टर प्लान** तैयार करेंगे।
- हम **5,000 नई इलेक्ट्रिक बसों** का संचालन करेंगे और प्रदेश भर में चार्जिंग स्टेशन बनाएंगे।

# पर्यावरण संरक्षण

- हम मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए **₹50 करोड़** के निवेश के साथ **थार संरक्षण मिशन** की शुरुआत करेंगे।
- हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर **अरावली हिल्स** को सुरक्षित रखने के लिए **ग्रीन कॉरिडोर** बनाएंगे।
- हम जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) के दीर्घकालिक समाधान हेतु **राजस्थान क्लाइमेट जस्टिस मास्टरप्लान** तैयार करेंगे।
- हम प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रभावी और समन्वित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु **'राजस्थान ग्रीन वॉर रूम'** की स्थापना करेंगे।


ASILAH
CHANDA GARDEN

विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर प्रदेश, हर जिला एवं हर गांव विकसित होगा।





# भारतीय जनता पार्टी
# राजस्थान



# नोट्स

# नोट्स

# भारतीय जनता पार्टी
# राजस्थान

संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें

# भारतीय जनता पार्टी
# राजस्थान

कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं